
देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 16 अंक: 208 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...
बेतुका आरोप



# पेज श्री

देहरादून, रविवार, 21 नवंबर 2021



मौसम | अधिकतम 23.0° | न्यूनतम 13.0° | 40243.39

2 सैन्य अड्डा बना रहा ड्रैगन, रोके काम | 7 अब सबका टाइम आएगाः रोहित शर्मा

# उत्तराखण्ड, देवभूमि, तपोभूमि और वीरभूमि

## शहीद सम्मान यात्रा में शिरकत करने पिथौरागढ़ पहुंचे रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, सीएम ने किया स्वागत

संवाददाता

पिथौरागढ़। केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को पिथौरागढ़ के मूनाकोट में शहीद सम्मान यात्रा का शुभारम्भ किया एवं इस अवसर पर शहीद सैनिकों के परिजनों को किया गया सम्मानित भी किया। इस अवसर पर केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री श्री अजय भट्ट, सैनिक कल्याण मंत्री श्री गणेश जोशी, बिशन सिंह चुफाल, सांसद अजय टम्टा, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक, विधायक श्रीमती चन्द्रा पंत उपस्थित थे।

केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शहीदों को नमन करते हुए कहा कि हमारी सांस्कृतिक परम्परा है कि जो देश के लिए अपनी जिंदगी न्यौछावर करते हैं, उनको देवतुल्य माना जाता है। उत्तराखण्ड, देवभूमि, तपोभूमि और वीरभूमि है। उत्तराखण्ड में पांचवा धाम सैन्यधाम बन रहा है। सैन्यधाम में शहीद सैनिकों की आंगन की मिट्टी आयेगी और भविष्य में भी जो वीर सपूत देश के लिए शहीद होगें, उनके आंगन की मिट्टी भी सैन्यधाम में लाई जायेगी। सैन्यधाम में इस तरह की व्यवस्था हो कि सभी शहीदों के नाम और गांव का नाम सैन्य धाम में अंकित हो। उत्तराखण्ड की हर गली, हर शहर अपने में पवित्र है। उत्तराखण्ड में सैन्यधाम का निर्माण एक अच्छी सोच है। उन्होंने बिना किसी का नाम लिए कहा कि अब भारत आंख दिखाने वालों को जवाब देना भी जानता है। रक्षामंत्री ने कहा कि देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीदों का नमन सबसे पहले होना चाहिए। उत्तराखंड देव भूमि, तपोभूमि ओर वीर भूमि है।

**नेपाल को बताया दोस्त**

नेपाल के संबंध में उन्होंने कहा कि नेपाल हमारा सांस्कृतिक और पारंपरिक मित्र है। नेपाल और भारत के संबंध इस कदर प्रगाढ़ हैं कि इन संबंधों को कोई भी बिगाड़ नहीं सकता है। उन्होंने कहा कि बीते दिनों नेपाल के सेनाध्यक्ष प्रभुराम शर्मा को भारत के राष्ट्रपति ने जरनल ऑफ आनरेरी से सम्मानित किया है। रक्षामंत्री ने कहा कि देश की सरकार सैनिकों के सम्मान के प्रति समर्पित है।



### सीएम धामी कर रहे हैं ताबड़तोड़ बैटिंगः केन्द्रीय रक्षा मंत्री

केन्द्रीय रक्षा मंत्री ने प्रदेश एवं जनहित में 04 माह में 400 से अधिक निर्णय लेने पर मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ताबड़तोड़ बैटिंग कर रहे हैं। अभी तो मुख्यमंत्री 20–20 मैच खेल रहे हैं। इनका पांच साल का टेस्ट मैच होना चाहिए। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी महेन्द्र सिंह धोनी की तरह अच्छे फिनिशर हैं। केन्द्रीय रक्षा मंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड में रूद्रपुर, हरिद्वार एवं पिथौरागढ़ में मेडिकल कॉलेज खोले जा रहे हैं। उत्तराखण्ड में सड़क, रेल एवं हवाई कनेक्टिविटी का तेजी से विस्तार हुआ है।

**1962 भारत-चीन युद्ध में कुमाऊं बटालियन के जवानों ने किया करिश्माई कामः** केन्द्रीय रक्षा मंत्री ने कहा कि कुछ दिन पूर्व मुझे पीठसैंण में वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली जी की प्रतिमा का अनावरण करने का सौभाग्य मिला। रेजांग–ला पर जो उत्साह देखा वह अद्भुत था। 1962 भारत–चीन युद्ध में कुमाऊं के 13वीं बटालियन के 124 जवानों जो करिश्माई काम किया, उसे भारत कभी भूल नहीं सकता। जब हमने उनके शौर्य और पराक्रम की गौरव गाथा सुनी तो मैंने वहां जाने का निर्णय लिया। वहां भव्य स्मारक बनाया गया है।

### जवानों की समस्याओं का किया जा रहा समाधान

केन्द्रीय रक्षा मंत्री ने कहा कि हमारे पूर्व सैनिकों की जो वन रैंक वन पेंशन की समस्या थी उसका समाधान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने किया। सैनिकों एवं उनके परिवारों की समस्याओं के लिए सरकार द्वारा हर संभव प्रयास किये गये हैं। बैटल कैजुवल्टी को 02 लाख से बढ़ाकर 08 लाख रूपये किया गया है। पूर्व सैनिकों की भी हर समस्या का समाधान करने के लिए सरकार द्वारा लगातार प्रयास किये गये हैं। सैनिकों के सम्मान के लिए जो भी करना होगा, सरकार हमेशा उसके लिए तत्पर है। आजादी के 75 वर्ष पूरे हो रहे हैं, भारत आजादी धूमधाम से अमृत महोत्सव मना रहा है। रानी लक्ष्मीबाई की जयंती पर झांसी में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### देश में 10 हजार से अधिक कोरोना के नए केस

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। दो दिन पूर्व के मुकाबले कोरोना संक्रमण के नए मामलों में कुछ कमी आई है। पिछले 24 घंटे के दौरान देश में 10 हजार से कुछ अधिक नए संक्रमित पाए गए हैं और 267 लोगों की मौत हुई है, जिनमें अकेले केरल से ही 204 मौतें हैं। केरल में राज्य सरकार पहले हुई मौतों को नए आंकड़ों के साथ मिलाकर जारी कर रही है। आंकड़ों के मुताबिक सक्रिय मामलों में और 17 सौ से ज्यादा की गिरावट दर्ज की गई है।

### आर्यन खान को हाईकोर्ट से बड़ी राहत

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

मुंबई। बॉलिवुड सुपरस्टार शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान से जुड़े ड्रग्स केस में बॉम्बे हाई कोर्ट ने बेल ऑर्डर रिलीज किया है। इस बेल ऑर्डर में बताया गया है कि आर्यन खान, अरबाज मर्चेंट और मुनमुन धमेचा को किस आधार पर जमानत दी गई है।

# शीतकाल के लिए बंद हुए बदरीनाथ धाम के कपाट

## गेंदा गुलाब और कमल से सजा बदरीनाथ धाम

संवाददाता



गोपेश्वर(चमोली)। बदरीनाथ धाम के कपाट बंद होने के साथ ही शनिवार को चारधाम यात्रा का भी विधिवत समापन हो गया। कपाट वृष लग्न में शाम 6 बजकर 45 मिनट पर बंद किए गए। इसके लिए मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया है। मंदिर की सजावट में करीब 20 क्विंटल फूलों का उपयोग किया गया है।

मंदिर के कपाट बंद होने से पहले पहले रावल ने फिर स्त्री वेश धारण कर मां लक्ष्मी को गर्भगृह में स्थापित किया। इसके बाद शीतकाल के लिए मंदिर के कपाट बंद कर दिए गए। इस मौके पर उत्तराखंड चारधाम देवस्थानम प्रबंधन बोर्ड के उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी बीडी सिंह, धर्माधिकारी भुवन चंद्र उनियाल, सुनील तिवारी, राजेंद्र चौहान, भूपेंद्र रावत, डा.हरीश गौड़, संजय भट्ट, कृपाल सनवाल, हरीश जोशी आदि मौजूद रहे। उधर, कपाटबंदी को यादगार बनाने के लिए बदरीनाथ पुष्प सेवा समिति ऋषिकेश की ओर से मंदिर को गेंदा, गुलाब, कमल आदि के फूलों व पत्तियों से सजाया गया है।

**क्या है मान्यताः** पौराणिक मान्यता और पारंपरिक रीति–रिवाज के अनुसार बदरीनाथ कपाट खुलने से पहले बदरीनाथ मंदिर के सिंहद्वार के आगे सभा मंडप के मुख्य द्वार पर परिसर में विधिवत तौर पर भगवान श्री गणेश और भगवान श्री बदरी विशाल का आह्वान कर धर्माधिकारी और वेदपाठियों ने पूजा शुरू की। जिन चाबियों से द्वार के ताले खोले जाते हैं, पहले उन चाबियों की पूजा अर्चना की जाती है।

पहला ताला टिहरी महाराजा के प्रतिनिधि के रूप में राजगुरु नौटियाल के द्वारा खोला जाता है। उसके बाद मंदिर के हक हकूकधारी मेहता थोक व भंडारी थोक के प्रतिनिधियों द्वारा ताले खोले जाते हैं।

# इमरान मेरा बड़ा भाई, मिलता है बहुत प्यार

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

इस्लामाबाद। पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू एक बार फिर विवादों में हैं। शनिवार को सिद्धू सीमा पार करके पाकिस्तान पहुंचे और करतारपुर साहिब के दर्शन किए। हालांकि इससे पहले पंजाब के सीएम चन्नी भी करतारपुर साहिब दर्शन कर जा चुके हैं लेकिन सिद्धू के जाने से विवाद खड़ा हो गया है। एक वीडियो में पाकिस्तानी अधिकारियों को उनका स्वागत करते हुए देखा जा सकता है। सिद्धू ने इस दौरान पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान को लेकर कहा कि वह उनके बड़े भाई हैं और उन्हें इमरान खान से बहुत प्यार मिला है। अब उन्होंने करतारपुर साहिब बॉर्डर के दोबारा खोले जाने का श्रेय इमरान खान और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिया है। इतना ही नहीं सिद्धू ने यह भी कहा कि भारत के पास पाकिस्तान से दोस्ती के अलावा कोई चारा नहीं है।

वीडियो में करतारपुर पहुंचे सिद्धू पर पाकिस्तानी अधिकारियों ने फूल बरसाए। करतारपुर के सीईओ ने सिद्धू का स्वागत करते हुए उन्हें फूलों की माला पहनाई। उन्होंने कहा, ऋमैं प्रधानमंत्री इमरान खान की ओर से आपका स्वागत करता हूं। इस पर सिद्धू ने कहा, मैं आपका बहुत आभारी हूं। इमरान खान मेरा बड़ा भाई है। उसने मुझे बहुत प्यार दिया है। पूर्व क्रिकेटर और पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष सिद्धू पहले भी पाकिस्तान जाकर विवादों में घिर चुके हैं।

गुरदासपुर में पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पाकिस्तानी पीएम इमरान खान के प्रयासों से करतारपुर साहिब कॉरिडोर संभव हो पाया है। उन्होंने आगे कहा, मैं गुजारिश करता हूं कि अगर आप पंजाब की जिंदगी बदलना चाहते हैं तो हमें व्यापार के लिए सीमाएं खोलनी चाहिए।

**विवाद**

■नवजोत सिंह सिद्धू एक बार फिर विवादों में


Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development — All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding — 1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries) 2. Social Media 3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation — A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly. You tell us, we do it.
Contact: Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# भारत का फिर सबसे स्वच्छ शहर बना इंदौर

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद द्वारा स्वच्छ शहरों को स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार 2021 प्रदान किए गए हैं। केंद्र सरकार द्वारा इंदौर को लगातार 5वीं बार भारत का सबसे स्वच्छ शहर घोषित किया गया है। सूरत को दूसरा स्थान मिला है। मप्र का इंदौर पहले स्थान पर रहा तो राष्ट्रपति कोविन्द ने

**वाराणसी गंगा शहरों की श्रेणी में प्रथम**

गुजरात के सूरत और आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा को देश के दूसरे और तीसरे सबसे स्वच्छ शहर बनने पर सम्मानित किया। वहीं, केंद्र सरकार के वार्षिक स्वच्छता सर्वेक्षण में सबसे स्वच्छ गंगा शहर की श्रेणी में यूपी के वाराणसी को पहला स्थान मिला है। दिल्ली में आयोजित स्वच्छ अमृत महोत्सव कार्यक्रम में राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द ने कहा, देशवासियों की सोच में बदलाव, स्वच्छ भारत अभियान की बहुत बड़ी सफलता है। आज यह बदलाव व्यापक स्तर पर हुआ है। अब तो बहुत से परिवारों में छोटे बच्चे भी परिवार के बड़े लोगों को गंदगी फैलाने से रोकते हैं। उन्होंने आगे कहा, वे बच्चे उन्हें कोई भी चीज सड़क पर फेंकने से टोकते हैं।